reflected in the sales during April-November 1983 is slightly lower than in the corresponding period last year. Lower consumption considered is largely due to ready availability of steel leading to reduction in inventory holding by consumers.

(c) Steps taken to promote steel demand include, inter-alia, orientation of the product-mix to better match what the market requires and of close interaction with cumsumers.

गवर्नमेंट इम्प्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन नेताजी नगर नई दिल्ली द्वारा योग कक्षाओं का संचालन

4716. **श्री तारिक अनवर** : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गवर्नमेंट इम्प्लाइज वेलफेयर ऐसोसिएसन नेताजी नगर, नई दिल्ली गत चार महीनों से नेताजी नगर, समाज सदन के लान में योग कक्षाएं चला रही है ;

(ख) क्या नई दिल्ली की उक्त ऐसोसिएशन ने कार्मिक तथा प्रशासनिक सुधार विभाग को एक ऐसा अभ्यावेदन भेजा है जिनमें सर्दी के दौरान समाज सदन के हाल में योग कक्षा चलाने की अनुमति मांगी है ; और

(ग) यदि हां, तो उस पर क्या कार्यवाही की गई है और इस समय समाज सदन के हाल में प्रातः 5.00 बजे से 7 बजे तक होने वाले कार्यक्रमों का ब्योरा क्या है तथा उन्हें चलाने वाले संगठन का क्या नाम है ?

गृह मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री निहार रंजन लास्कर) : (क) जी, हां ।

(ख) जी, हां ।

(ग) बैडमिंटन और टेबुल टेनिस जैसे इन्डोर गेम प्रातः 5.00 से 7.00 बजे के बीच अलग-अलग समूहों द्वारा खेले जाते हैं, जिनमें से अधिकांश सरकारी कर्मचारी या उनके आश्रित शामिल होते हैं । जिस समय योग की कक्षाएं चलाने के लिए अनुरोध प्राप्त हुआ था, उस समय हाल उपलब्ध नहीं था । तथापि, योग की कक्षाएं चलाने के लिए भी कुछ स्थान दिए जाने के बारे में प्रयत्न किए जाएंगे ।

हैवी इंजीनियरिंग कारपोरेशन में घाटा

4717. **श्री बापूसाहिब परूलेकर :**
श्री चित्त बसु :
श्री मोती भाई आर० चौधरी :
श्री रवीन्द्र वर्मा :
श्री माधव राव सिंधिया : क्या उद्योग मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या चालू वित्त वर्ष के दौरान हैवी इंजीनियरिंग कारपोरेशन की भारी वित्तीय घाटा होने की सम्भावना है ;

(ख) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी तथ्य क्या है; और

(ग) इस घाटे को रोकने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाये गये ?

उद्योग मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री एस. एम. कृष्ण) : (क) और (ख) संशोधित अनुमानों के अनुसार भारी इंजीनियरी निगम की लगभग 41 5 करोड़ रुपये की हानि होने की संभावना है ।

(ग) स्थिति में सुधार लाने तथा हानि पर अंकुश लगाने के लिए सयंत्र के रखरखाव को सुदृढ़ बनाया जा रहा है ताकि महत्वपूर्ण उपकरण जल्दी खराब न हों । अतिरिक्त बिजली के लिए राज्य बिजली बोर्ड से सहायता की व्यवस्था की जा रही है, उत्पाद मिश्र में अधिक लाभ वाले क्रयदेशों तथा श्रेणीबद्ध उत्पादन वस्तुओं को शामिल किया गया है, कार्य संचालन को सुविधाजनक बनाने के लिए अतिरिक्त धनराशि को उपलब्ध कराया जा रहा है, सम्बन्ध को सुदृढ़ बनाया जा रहा है ।